अमर उजाला
बरेली
शुक्रवार, 31 मार्च 2023
चैत्र शुक्ल-दशमी
विक्रम संवत-2080

Page No. 05 : Middle

एसआरएमएस की टीम ने जीता पहला मैच

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का बृहस्पतिवार को एसआरएमएस स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। एसआरएमएस और आईके कलेक्शन की टीम ने जीत के साथ प्रतियोगिता की शुरूआत की।

पहले दिन टूर्नामेंट में दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी और एसआरएमएस एकेडमी के मध्य खेला गया। 22 यार्ड की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाए। कप्तान रिजवान ने 19 रन बनाए। मोहम्मद शादाब ने 14 रन का योगदान दिया। शुभम मिश्रा मे तीन विकेट चटकाए।

जवाब में खेलने उतरी एसआरएमएस की टीम ने 7.3 ओवर में बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया। मोहम्मद युसुफ ने 36 और हर्ष राणा ने 31 रन बनाए। एसआरएमएस की टीम 10 विकेट से विजयी रही।



एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी। *विज्ञप्ति*

दूसरा मुकाबला आई के कलेक्शन और आर्मी मस्टेलियंन की टीम के बीच हुआ। पहले खेलते हुए आई के कलेक्शन की टीम में 20 ओवर में छह विकेट खोकर 160 का लक्ष्य रखा। सात चौकों और दो छक्कों की मदद से पारस राज ने सर्वाधिक 69 रन बनाए। शिव ने 33 और प्रकाश ने 29 रन की पारी खेली। जवाब में आर्मी मस्टेलियंस की टीम 17.5 ओवर में 109 रन पर ढेर हो गई। मंयक मिश्रा व दीपक आर्या ने 3-3 विकेट हासिल किए।

आईके कलेक्शन की टीम ने मुकाबला 50 रन से जीत लिया। इस दौरान बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, अध्यक्ष सरफराम वली खां, सचिव सीताराम सक्सेना आदि उपस्थित रहे।